प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 मंगलवार** **दिनांक 12.11.2024**

**मुख्य समाचारः—**

- रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तहत कल होगा मतदान—सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जाएंगे वोट।
- जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जशपुर में कल होने वाली पदयात्रा में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया।
- नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद कल से बीस नवंबर तक दावा—आपत्तियां आमंत्रित किए गए हैं।
- आज प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है देवउठनी एकादशी का पर्व।

**उप—चुनाव**

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उप—चुनाव के लिए कल तेरह नवम्बर को सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसके लिए निर्वाचन क्षेत्र में दो सौ तिरपन मुख्य मतदान केंद्र और तेरह सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इस उप—चुनाव में कुल दो लाख इकहत्तर हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। इनमें से एक लाख तैंतीस हजार आठ सौ पुरूष मतदाता हैं। वहीं, एक लाख सैंतीस हजार तीन सौ सत्रह महिला मतदाता हैं। इसके अलावा क्षेत्र में बावन तृतीय लिंग मतदाता भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की है।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के लिए कल होने वाले मतदान के लिए वोटर, मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त बारह वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि फोटो पहचान पत्र के अलावा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त पासबुक, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र और दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड दिखाकर भी मतदाता मतदान कर सकते हैं।

रायपुर दक्षिण विधानसभा उप—चुनाव के लिए कल तेरह नवंबर को इस विधानसभा क्षेत्र के मतदाता अधिकारियों—कर्मचारियों के लिए अवकाश की घोषणा की गई है।

**मतदान तैयारी**

रायपुर नगर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव के तहत आज सुबह शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सेजबहार से मतदान सामग्री लेकर मतदान दल रवाना हुए। इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर गौरव सिंह मौजूद थे। रायपुर के उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे ने बताया कि उपचुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी मतदान केंद्रों पर पूरी तैयारी कर ली गई है।

**केन्द्रीय मंत्री—पदयात्रा**

केंद्रीय युवा मामले और खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया कल जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा **'माटी के वीर'** पदयात्रा में भाग लेंगे। इस आयोजन में माय भारत युवा स्वयंसेवक भी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित राज्य के अन्य मंत्री भी इस पदयात्रा में हिस्सा लेंगे। इस पदयात्रा की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 'एक पेड़ मां के नाम' पहल के अनुरूप

पौधारोपण से होगी। यह आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य देश के विकास में जनजातीय समुदायों के महत्वपूर्ण योगदान को रेखांकित करना है।

इससे पहले, आज जशपुर जिले में योगाभ्यास और स्वच्छता श्रमदान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अधिकारी–कर्मचारी के साथ ही माई भारत युवा स्वयंसेवकों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

माटी के वीर पदयात्रा की तैयारी को लेकर कलेक्टर रोहित व्यास ने बताया कि योगाभ्यास और स्वच्छता श्रमदान के साथ आज से दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत हो गई है।

इस पदयात्रा के दौरान, प्रदर्शनी स्थल पर ऐतिहासिक आदिवासी आंदोलनों के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर आदिवासी नायकों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही आदिवासी समुदायों के शिल्प कौशल का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## जनजातीय गौरव दिवस

पंद्रह नवंबर को रायपुर सहित सभी जिला मुख्यालयों में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि होंगे। वहीं, जिला मुख्यालयों में मंत्री, सांसद और विधायक मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में चौदह और पंद्रह नवंबर को साईंस कॉलेज मैदान में संगोष्ठी–परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित सत्रह राज्यों के आदिवासी नर्तक दल प्रस्तुति देंगे।

इसमें शामिल होने के लिए आज से आदिवासी नर्तक दलों के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। आज अरूणाचल प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, राजस्थान और सिक्किम के नर्तक दल रायपुर पहुंचे।

जनजातीय गौरव दिवस के उपलक्ष्य में रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में कल तेरह नवंबर से राज्य स्तरीय जनजातीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। पंद्रह नंवबर तक चलने वाली यह चित्रकला स्पर्धा **'जनजातीय जीवन शैली'** विषय पर आयोजित की जाएगी। स्पर्धा का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान नवा रायपुर द्वारा किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

## निर्वाचक नामावली

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक अक्टूबर की अर्हता तिथि के अनुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने का आदेश जारी किया गया है। जो मतदाता एक अक्टूबर दो हजार चौबीस तक अट्ठारह वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे आगामी स्थानीय नगरीय निकाय चुनाव में मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। पूर्व में निर्वाचक नामावली के लिए एक जनवरी दो हजार चौबीस की अर्हता तिथि निर्धारित की गई थी, जिसमें संशोधन कर एक अक्टूबर किया गया।

नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन सोलह अक्टूबर को किया जा चुका है। दावा–आपत्तियां कल तेरह नवम्बर से बीस नवंबर तक किए जा सकेंगे। दावा–आपत्तियों का निराकरण चौबीस नवम्बर तक किया जाएगा। निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन ग्यारह दिसम्बर को होगा।

## देवउठनी एकादशी

देवउठनी एकादशी का पर्व आज राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश में इसे जेठौनी और छोटी दीपावली के रूप में भी जाना जाता है। इस मौके पर घरों में तुलसी और भगवान शालीग्राम का प्रतीकात्मक विवाह किया जा रहा है। इस विवाह के लिए घर–घर में गन्ने का मंडप बनाया गया है। घरों को दीये, रंगोली और आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। ऐसी मान्यता है कि आज ही के दिन

भगवान विष्णु करीब चार महीने की निद्रा से जागते हैं और इसी के साथ विवाह जैसे मांगलिक आयोजनों का सिलसिला भी शुरू हो जाता है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

**कांकेर–मिशन साहसी**

बालिकाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए कांकेर जिले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ग्यारह से उन्नीस नवंबर तक 'मिशन साहसी' शिविर का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज सुबह पांच बजे से शुरू होने वाले इस शिविर में छात्राओं को शारीरिक और मानसिक रूप में सशक्त और मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण के साथ ही उन्हें महिलाओ के साथ हो रहे अपराध का विरोध करने और कानूनी सहायता प्राप्त करने की जानकारी दी जा रही है।

**मेडिकल कॉलेज–रैगिंग**

रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में सीनियर छात्रों द्वारा फर्स्ट ईयर के छात्रों के साथ रैगिंग करने का मामला सामने आया है। इस मामले में एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक के बाद पांच छात्रों को एक माह के लिए कॉलेज से निलंबित कर दिया गया है। ये पांचों छात्र एक महीने तक कक्षाओं और क्लीनिक पोस्टिंग में शामिल नहीं हो सकेंगे।

**ट्रेन परिचालन**

रायपुर रेलमंडल के अंतर्गत हथबंद–तिल्दा नेवरा खंड पर अंडरब्रिज निर्माण की वजह से पंद्रह, सोलह और सत्रह नवंबर को किए जा रहे ब्लॉक के कारण रायपुर–बिलासपुर मेमू, रायपुर–जूनागढ़ रोड पैसेंजर, रायपुर–कोरबा पैसेंजर सहित नौ रेलगाड़ियों को पंद्रह, सोलह और सत्रह नवंबर को रद्द किया जा रहा है।

मंदिर हसौद के पास मरम्मत कार्य के कारण वीआईपी रेलवे समपार फाटक पर सड़क यातायात कल तेरह नवंबर को दिनभर बंद रहेगा।

**समाचार संक्षेप में ...**

- राज्य सरकार ने नुआखाई के दिन छत्तीसगढ़ के उत्कल बहुल जिलों में स्थानीय अवकाश घोषित करने के लिए संबंधित जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया है। प्रदेश के अन्य जिलों में नुआखाई पर्व पर पूर्व के समान ऐच्छिक अवकाश रहेगा। भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने इस निर्णय के लिए राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है।
- छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने वन्यजीवों के अवैध शिकार की रोकथाम और जांच में लापरवाही के आरोप में कटघोरा वनमंडल में पदस्थ रेंजर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
- बिलासपुर जिले में गिरदावरी कार्य में लापरवाही बरतने पर एसडीएम ने इकहत्तर पटवारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिनों के भीतर जवाब मांगा है।
- फिल्म अभिनेता शाहरूख खान को कथित रूप से धमकी देने के मामले में मुंबई पुलिस ने रायपुर से फैजान खान नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसे ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मुंबई रवाना हो गई है।
- बिलासपुर जिले की सरकंडा पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर करीब साढ़े चार लाख रूपये की ठगी करने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है।
- जांजगीर–चांपा जिले के राहौद गांव में कार की टक्कर से चार साल के एक बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

- मुंगेली जिले में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत कल तेरह नवंबर को शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में हितग्राही सुबह ग्यारह बजे से एक बजे तक पंजीयन करा सकते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>